संख्या: ई॰डी॰एन-केजीआर-(ई-7)-सामान्य/2018-19 - 4849
कार्यालय:उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
कांगड़ा स्थित धर्मशाला ।
दिनांक : धर्मशाला-176215 27 अगस्त , 2019

सेवा में,

समस्त खंड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी,
ज़िला कांगड़ा (हि॰प्र॰)

विषय:- स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण -2019 ।

ज्ञापन

उपरोक्त विषय पर दिनांक 26/08/2019 उपायुक्त कांगड़ा स्थित धर्मशाला के कार्यालय में अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसके संदर्भ में आपको निर्देश दिये जाते हैं कि आप स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण -2019 (SSG-2019) के अंतर्गत अपने-अपने शिक्षा खंड के अधीन सभी सरकारी स्कूलों में निम्नलिखित गतिविधियों को करवाना सुनिशिचित करें।

1. सप्ताह में दो बार संपूर्ण स्वच्छता की शपथ प्रात:कालीन सभा में पढ़ी जाये। तथा स्वच्छता सबंधी साफ-सफाई के पोस्टर स्कूलों में लगवाना भी सुनिश्चित करें ।

2. स्कूल में होने वाले कूड़ा-कर्कट को गीला व सूखा कूड़ादान में अलग-अलग करके डाला जाये जोकि पहले से ही संबधित विधानसभा सदस्यों द्वारा उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। तथा बच्चों को कूड़ादान प्रयोग करने बारे जानकारी दी जाए।

3. शनिवार को की जाने वाली गतिविधियों में संपूर्ण स्वच्छता के ऊपर वादविवाद प्रतियोगिता/चित्रलेखन कला/भाषण प्रतियोगिता कारवाई जाएँ ।जिसके बारे की गई कार्यवाही की रिपोर्ट समर्थ ग्रुप पर अपलोड करना सुनिशिचित करें।

4. विद्दयार्थीयों की प्रात:कालीन सभा में बच्चों व अध्यापकों द्वारा संपूर्ण स्वच्छता के ऊपर जानकारी दी जाये ।

5. स्कूल में की जाने वाली SMC की बैठक में संपूर्ण स्वच्छता के ऊपर विस्तार से बातचीत की जाये तथा बच्चों को स्कूल में साफ-सफाई करने की गतिविधियां भी कारवाई जाये ।

6. पोलिथीन का उपयोग किसी भी रूप में न किया जाये ।

7. 10 वर्ष से ज्यादा आयु की छात्राओं को किसी अध्यापिका या आंगनवाड़ी आशा वर्कर के माध्यम से मासिक धर्म और नैपकिन के इस्तेमाल पर पूरी जानकारी दी जाये।

8. बच्चों को खाना खाने से पहले व खाना खाने के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने बारे जागरूक किया जाये। तथा स्कूलों में साबुन वगैरा रखा होना अनिवार्य होना चाहिए ।

9ॱ पीने के पानी की टंकी को 15 दिन में एक बार साफ करना सुनिशिचित करें। तथा उस पर साफ करने की तारीख को लिखा जाये।

10 स्कूलों में वनाये जाने वाले MDM में भी साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। जिसके लिए खाना बनाने वाले कर्मचारी का समय- समय पर मेडिकल चेकअप करवाना सुनिशिचित करें। तथा गंदे पानी की निकासी (Sewage drainage) हेतु soakpit के लिए मनरेगा स्कीम के तहत ग्राम पंचायत में होने वाली 2 अक्तूबर की ग्रामसभा में प्रस्ताव रखा जाये।विद्यालय इसके लिए ग्राम पंचायत में संपर्क करें ।

11 उपरोक्त विषय पर अधिक जानकारी एवं प्रचार हेतु SSG2019 App downloadable from Google play store पर जाएँ and for those who do not have android phones with interest they can give feedback by calling on toll free number 1800570112.

12 स्कूलों में बने Toilet अच्छी तरह से साफ होने चाहिए व हर समय पानी व साबुन का उपलब्ध होना सुनिशिचित करें ।

13ॱ उपरोक्त App या Toll free Number स्वच्छता की Feedback के लिए उपलब्ध हैं। आप सभी स्कूलों में सटाफ, अविभाबकों व बच्चों को जागरूक करें कि वो इन संपर्कों का अवश्य इस्तेमाल करें।

14ॱ स्वच्छता को लेकर गतिविधियां की फोटोग्राफ BEEOs/BRCCs Samarth Kangra Whatsapp ग्रुप पर हर स्कूल का कम से कम एक फोटो अवश्य डालें व Feedback रिपोर्ट भी भेजना सुनिशिचित करें।

15. स्वच्छता सर्वे करने वाली टीम किसी भी समय सर्वेक्षण कर सकती है । यदि किसी भी विद्यालय या कार्यालय की रिपोर्ट खराव होती है तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी ।

उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
कांगड़ा स्थित धर्मशाला